## रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## CEN 01/2024 - ALP / सहायक लोको पायलट

| | |
|---|---|
| Test Date | 29/11/2024 |
| Test Time | 12:30 PM - 1:30 PM |
| Subject | ALP Stage 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB ALP**

**Q.1** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे समान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

सभी पानी, दूध है।

कोई दूध, तेल नहीं है।

निष्कर्ष:

(I) कुछ दूध, पानी हैं।

(II) कोई तेल, पानी नहीं है।

**Ans**
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) कथनों के अनुसार है।
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) कथनों के अनुसार है।
✓ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों कथनों के अनुसार है।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) कथनों के अनुसार है।

**Q.2** इंडी एल्बम 'हालात' के लिए प्रसिद्ध कौन-सा रैपर, धारावी की मलिन बस्ती से निकलकर भारतीय हिप हॉप संगीत जगत में अग्रणी बन गया है?

**Ans**
✓ 1. मैक अल्ताफ (MC Altaf)
✗ 2. डिवाइन (Divine)
✗ 3. नेज़ी (Naezy)
✗ 4. एमिवे बंताई (Emiway Bantai)

Q.3 2024 में, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों को दर्ज करने और निगरानी करने के लिए मंच _____ लॉन्च किया।

Ans
✗ 1. वर्क गार्ड (Work Guard)
✗ 2. वीमेनसेफ (WomenSafe)
✓ 3. शी-बॉक्स (SHe-Box)
✗ 4. सिक्योर हर (Secure Her)

Q.4 A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। C, E के ठीक बाईं ओर बैठा है। F, A और C का निकटतम पड़ोसी है। D, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के सापेक्ष में D का स्थान क्या है?

Ans
✗ 1. ठीक बाईं ओर
✗ 2. बाईं ओर से तीसरा
✓ 3. बाईं ओर से दूसरा
✗ 4. दाईं ओर से तीसरा

Q.5 एरियल अपनी कक्षा में शीर्ष से 6वें और नीचे से 18वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✗ 1. 26
✗ 2. 25
✗ 3. 22
✓ 4. 23

Q.6 यदि शब्द GRAVITY के प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, और प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर में बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में कितने व्यंजन मौजूद होंगे?

Ans
✗ 1. सात
✗ 2. दो
✗ 3. तीन
✓ 4. छह

Q.7 दिए गए विकल्पों में से उस त्रय का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिस पैटर्न का अनुसरण नीचे दिए गए दो त्रयों द्वारा किया जाता है। दोनों त्रय समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

FB-IE-LM

JF-MI-PQ

Ans
✓ 1. LH-OK-RS
✗ 2. KG-NJ-QS
✗ 3. HD-KG-NP
✗ 4. NI-QN-TU

Q.8 9 नवंबर 2023 को एन श्रीकांत को केंद्रीय ________ मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया।

Ans ✔ 1. विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा

✗ 2. वित्त

✗ 3. आवासन एवं शहरी कार्य

✗ 4. पर्यावरण एवं वन

Q.9 दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?

3 × (9 + 7 − 5) + (64 ÷ 2) − 22 + 78 − 8 × 4 = 82

(ध्यान दें: संपूर्ण संख्या को आपस में बदला जाना चाहिए, न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों को।)

Ans ✗ 1. 2 और 4

✗ 2. 3 और 4

✔ 3. 64 और 78

✗ 4. 7 और 5

Q.10 फोकस दूरी 'f' के लेंस की क्षमता ______ के अनुक्रमानुपाती होती है।

Ans ✗ 1. $1/f^2$

✔ 2. 1/f

✗ 3. $f^2$

✗ 4. f

Q.11 निम्नलिखित में से किस उदाहरण द्वारा एकसमान वृत्तीय गति का वर्णन किया गया है?

Ans ✔ 1. घड़ी की सुइयों की गति

✗ 2. आसमान से गिरती हुई बारिश की एक बूंद

✗ 3. सीधी सड़क पर गतिमान एक कार

✗ 4. एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूदता हुआ एक बंदर

Q.12 दो समरूप त्रिभुजों की संगत भुजाएं 2 : 3 के अनुपात में हैं। यदि छोटे त्रिभुज का क्षेत्रफल 36 sq cm है, तो बड़े त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या है?

Ans ✗ 1. 16 sq cm

✔ 2. 81 sq cm

✗ 3. 36 sq cm

✗ 4. 96 sq cm

Q.13 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 803 :: 469 : Y

Ans
✗ 1. X = 558, Y = 712
✗ 2. X = 512, Y = 792
✓ 3. X = 545, Y = 727
✗ 4. X = 526, Y = 758

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प द्रवों के गुणधर्म को नहीं दर्शाता है?

Ans
✗ 1. द्रव जिस पात्र में रखे जाते हैं वे उसी का आकार ले लेते हैं।
✗ 2. द्रवों में बहाव होता है और इनका आकार बदलता है।
✓ 3. द्रवों का आयतन निश्चित नहीं होता है।
✗ 4. द्रवों का कोई निश्चित आकार नहीं होता है।

Q.15 यदि किसी वितरण का माध्य 8.73 और उसका माध्यक 11 है, तो वितरण का बहुलक ________ (आनुभविक संबंध का प्रयोग करके) है।

Ans
✗ 1. 19.73
✓ 2. 15.54
✗ 3. 22
✗ 4. 17.46

Q.16 शब्द JOURNALIST के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. एक
✗ 3. दो
✓ 4. कोई भी नहीं

Q.17 एक दीवार, जिसकी ऊंचाई उसकी चौड़ाई से 5 गुना अधिक है तथा उसकी लंबाई उसकी ऊंचाई से 8 गुना अधिक है, का आयतन 12.8 घन मीटर है। दीवार की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 4 मीटर
✗ 2. 0.04 मीटर
✗ 3. 400 सेंटीमीटर
✓ 4. 40 सेंटीमीटर

Q.18 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूरा करने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

125, 128, 133, 140, 149,?

Ans
✗ 1. 156
✗ 2. 154
✗ 3. 158
✓ 4. 160

Q.19 यदि 'I' का अर्थ '+', 'J' का अर्थ '×', 'K' का अर्थ '÷' और 'L' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिन्ह '?' के स्थान पर क्या आएगा?

(35 L 19) J 4 I 26 L (7 J 3) I 11 = ?

Ans
✓ 1. 80
✗ 2. 120
✗ 3. 60
✗ 4. 105

Q.20 विभिन्न कोशिकांग जैसे सूत्रकणिका (mitochondria), राइबोसोम (ribosome), आदि मिलकर जीवन की मूलभूत इकाई का निर्माण करते हैं, उसे क्या कहा जाता है?

Ans
✗ 1. अंग
✗ 2. ऊतक
✓ 3. कोशिका
✗ 4. अंग तंत्र

Q.21 उस विकल्प का चयन कीजिए जो पुरुष और महिला में यौवनारंभ की सही आयु सीमा दर्शाता है।

Ans
✗ 1. 8-11 वर्ष
✗ 2. 9-12 वर्ष
✓ 3. 11-17 वर्ष
✗ 4. 6-10 वर्ष

Q.22 सही कथन का चयन कीजिए।

Ans
1. परागण, पराग कणों का अंकुरण है।
2. परागण की प्रक्रिया में पराग कणों को पुंकेसर से वर्तिकाग्र तक स्थानांतरित किया जाता है। ✔
3. परागण, बीजांड में पराग नलिका की वृद्धि है।
4. परागण, फूल में कीटों का आना है।

Q.23 मलेरिया परजीवी किस प्रकार का अलैंगिक जनन दर्शाता है?

Ans
1. पुनर्जनन
2. बहुखंडन ✔
3. द्विखंडन
4. मुकुलन

Q.24 एक राशि को दो मित्रों के बीच 4 : 7 के अनुपात में बांटा जाता है। यदि दूसरा भाग पहले भाग से ₹6 अधिक है, तो दोनों मित्रों के बीच बांटी गई राशि का अंतर कितना है?

Ans
1. ₹2
2. ₹3
3. ₹6 ✔
4. ₹4

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

BJL, EMO, HPR, KSU, ?

Ans
1. NUW
2. NVX ✔
3. NUY
4. NVY

Q.26 एक फल विक्रेता के पास कुछ सेब थे। वह 40% सेब बेचता है और उसके पास अभी भी 240 सेब हैं। शुरुआत में उसके पास कितने सेब थे?

Ans
1. 588
2. 400 ✔
3. 600
4. 372

Q.27 दो उम्मीदवारों के बीच एक चुनाव में, 75% मतदाताओं ने अपना मत डाला। 2% मतदाताओं को अवैध घोषित कर दिया गया। एक उम्मीदवार को 9261 मत मिले जो कुल वैध मतों का 75% थे। उस चुनाव में नामांकित मतदाताओं की कुल संख्या कितनी थी?

Ans
✗ 1. 18,000
✗ 2. 10,000
✗ 3. 16,400
✓ 4. 16,800

---

Q.28 K के किस मान के लिए समीकरण $\frac{0.009}{K} = 0.1$ सत्य है?

Ans
✗ 1. 9
✓ 2. 0.09
✗ 3. 0.9
✗ 4. 0.0009

---

Q.29 सक्रियता श्रेणी के अनुसार, आयरन _______ से अधिक अभिक्रियाशील है।

Ans
✗ 1. कैल्शियम
✗ 2. सोडियम
✓ 3. कॉपर
✗ 4. पोटैशियम

---

Q.30 निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी एपिथीलियमी ऊतक की एक विशेषता नहीं है?

Ans
✗ 1. यह शरीर के अधिकांश अंगों और गुहाओं को ढकते है
✗ 2. इसमें कोई अंतराकोशिक स्थान नहीं होता
✓ 3. इसमें बाह्य-रेशेदार आधार झिल्ली द्वारा उसे निचे रहने वाले ऊतकों से अलग किया जाता है।
✗ 4. यह एक दूसरे से सटे होते है

---

Q.31 किसी पिंड पर लगने वाले 10 न्यूटन बल के परिणामस्वरूप बल की दिशा में 2 मीटर का विस्थापन होता है। इस बल के द्वारा किया गया कार्य ___ है।

Ans
✗ 1. 0.2 जूल
✗ 2. 0 जूल
✓ 3. 20 जूल
✗ 4. 10 जूल

Q.32 पास-पास सटाकर लिपटे विद्युतरोधी तांबे के तार की बेलन की आकृति की अनेक फेरों वाली कुंडली से क्या बनाया जा सकता है?

Ans
✗ 1. सीधा चालक (Solenoid)
✗ 2. वृत्ताकार कुंडली (Circular coil)
✗ 3. टोरॉयड (Toroid)
✓ 4. परिनालिका (Solenoid)

Q.33 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर QLPK, IDHC से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। उसी प्रकार, VQUP, NIMH से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, TOSN निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans
✗ 1. LGFK
✓ 2. LGKF
✗ 3. GLFK
✗ 4. GLKF

Q.34 चीनी के मूल्य में 20% की कमी से खरीदार को ₹160 में 2.5 kg अधिक प्राप्त होती है। प्रति किलोग्राम चीनी का वास्तविक मूल्य कितना है?

Ans
✗ 1. ₹20
✗ 2. ₹12
✗ 3. ₹15
✓ 4. ₹16

Q.35 निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए।

$9992 \times 10008$

Ans
✗ 1. 91999964
✗ 2. 9999964
✓ 3. 99999936
✗ 4. 9999936

Q.36 कोलाइडल विलयन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ 1. कोलाइडल विलयन के कण, इनसे गुजर रही प्रकाश की किरण को फैलाते नहीं हैं और उसके मार्ग को दृश्य बनाते हैं।
✓ 2. कोलाइडल विलयन के अवयव परिक्षिप्त प्रावस्था और परिक्षेपण माध्यम हैं।
✗ 3. कोलाइडल विलयन एक समांगी मिश्रण होता है।
✗ 4. कोलाइडी कणों का आकार बहुत छोटा नहीं होता है।

Q.37 अर्नब 9 संतरे और 8 केले ₹276 में खरीदता है। जब एक संतरे का मूल्य 10% कम हो जाता है, और एक केले का मूल्य वही रहता है, तो 5 संतरों और 10 केलों का मूल्य ₹210 हो जाता है। 4 संतरों और 3 केलों का आरंभिक मूल्य ज्ञात कीजिए ?

Ans
✗ 1. ₹123
✗ 2. ₹108
✓ 3. ₹116
✗ 4. ₹120

---

Q.38 यदि x : y = 8 : 3 है, तो (x - y ) : (x + y ) = ?

Ans
✗ 1. 5 : 2
✓ 2. 5 : 11
✗ 3. 11 : 5
✗ 4. 2 : 5

---

Q.39 इस प्रश्न में, एक कथन के बाद I और II क्रमांकित दो कार्रवाइयां दी गई हैं। आपको कथन में दी गई सभी जानकारियों को सत्य मानना होगा और कथन में दी गई जानकारी के आधार पर निश्चय करना होगा, कि तार्किक रूप से किस/किन कार्रवाई/कार्रवाइयों का अनुसरण किया जाना चाहिए।
कथन:

प्रत्येक माह की 14 और 15 तारीख को बिजली बिल भुगतान काउंटरों के बाहर लंबी कतारें देखी जाती हैं, क्योंकि प्रत्येक माह की 15 तारीख बिजली बिल भुगतान की आखिरी तारीख होती है। भुगतान में आ रही इस परेशानी को लेकर नागरिकों ने बिजली विभाग में कई बार शिकायत दर्ज करायी है।

कार्रवाई:

(I) बिजली विभाग को नागरिकों के लिए इसे आसान बनाने के लिए प्रत्येक माह की 14 और 15 तारीख को भुगतान संग्रह के लिए अतिरिक्त काउंटर लगाने चाहिए।

(II) बिजली विभाग को निर्धारित अंतिम तिथि के बाद भुगतान की जाने वाली पेनल्टी को बढ़ाना चाहिए।

Ans
✗ 1. केवल II अनुसरण करता है
✓ 2. केवल I अनुसरण करता है
✗ 3. न तो I और न ही II अनुसरण करता है
✗ 4. I और II दोनों अनुसरण करते हैं

Q.40 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ 'A, B की मां है',

A – B का अर्थ 'A, B का भाई है',

A × B का अर्थ 'A, B की पत्नी है' और

A ÷ B का अर्थ 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P × Q ÷ R – S + T' है, तो Q का T से क्या संबंध है?

Ans ✔ 1. मां के पिता

✗ 2. भाई

✗ 3. मां का भाई

✗ 4. पति

Q.41 निम्नलिखित में से किस अणु में त्रि-आबंध गुणधर्म होता है?

Ans ✔ 1. $N_2$

✗ 2. $F_2$

✗ 3. $O_2$

✗ 4. $Cl_2$

Q.42 दो पिंडों के बीच आकर्षण बल जो पिंडों के द्रव्यमान के गुणनफल के अनुक्रमानुपाती होता है और पृथक्करण की दूरी के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होता है, _______ कहलाता है।

Ans ✔ 1. गुरुत्वाकर्षण बल

✗ 2. विद्युत वाहक बल

✗ 3. स्थितविद्युत बल

✗ 4. वैद्युतचुम्बकीय बल

Q.43 निम्नलिखित वितरण के माध्य अंक ज्ञात कीजिए।

| प्राप्तांक | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| 25 | 5 |
| 30 | 6 |
| 35 | 3 |
| 40 | 1 |

Ans ✗ 1. 29

✔ 2. 30

✗ 3. 32

✗ 4. 31

Q.44 2024 में उड़ान परीक्षण के दौरान AKASH-NG मिसाइल में किस स्वदेशी रूप से विकसित तकनीक का उपयोग किया गया था?

Ans
✗ 1. इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सीकर (Electro-optical Seeker)
✗ 2. लेजर-गाइडेड सीकर (Laser-guided Seeker)
✓ 3. रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर (Radio Frequency Seeker)
✗ 4. इन्फ्रारेड सीकर (Infrared Seeker)

Q.45 किसी सौदे पर 25% और 10% की दो क्रमिक छूटें______की एक एकल छूट के बराबर हैं।

Ans
✗ 1. 35%
✗ 2. 34.5%
✗ 3. 32%
✓ 4. 32.5%

Q.46 इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन (IRF) की '2024 स्टेट ऑफ द राइनो' रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से गैंडे (rhino) की कौन-सी प्रजाति गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है?

Ans
✓ 1. काला गैंडा
✗ 2. एक सींग वाला बड़ा गैंडा
✗ 3. जावन गैंडा
✗ 4. सुमात्रा गैंडा

Q.47 यदि किसी गोले की त्रिज्या में 2 cm की वृद्धि कर दी जाए, तो उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में 704 $cm^2$ की वृद्धि हो जाती है। $\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करके, वृद्धि के बाद गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 14 cm
✗ 2. 13 cm
✗ 3. 16 cm
✓ 4. 15 cm

Q.48 A एक निश्चित काम को उतने ही समय में कर सकता है जितने समय में B और C मिलकर उसे कर सकते हैं। यदि A और B मिलकर इसे 10 दिनों में और C अकेले इसे 50 दिनों में कर सकता है, तो B अकेले इसे कितने दिनों में कर सकता है?

Ans
✗ 1. 20 दिन
✗ 2. 15 दिन
✓ 3. 25 दिन
✗ 4. 30 दिन

Q.49 दिए गए व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

19 – 20 ÷ 4

Ans
✔ 1. 14
✘ 2. 24
✘ 3. 19
✘ 4. –1

---

Q.50 सात व्यक्ति, B, C, D, E, F, G और K एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।

D और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K के दाईं ओर केवल E बैठा है। G और K के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। C, B के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन F के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।

पंक्ति के दाईं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✔ 1. F
✘ 2. C
✘ 3. G
✘ 4. B

---

Q.51 40 km/h और 22 km/h की चाल से एक ही दिशा में चल रही दो रेलगाड़ियां 1 मिनट में एक-दूसरे को पूरी तरह से पार कर जाती हैं। यदि पहली रेलगाड़ी की लंबाई 125 m है, तो दूसरी रेलगाड़ी की लंबाई कितनी है?

Ans
✘ 1. 125 m
✘ 2. 185 m
✘ 3. 150 m
✔ 4. 175 m

---

Q.52 2024 के केंद्रीय बजट में सरकार ने विष्णुपाद मंदिर (Vishnupad Temple) कॉरिडोर के विकास के लिए धन आवंटित किया। विष्णुपाद मंदिर (Vishnupad Temple) निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

Ans
✘ 1. तमिलनाडु
✘ 2. पश्चिम बंगाल
✘ 3. उत्तर प्रदेश
✔ 4. बिहार

---

Q.53 निम्नलिखित पदार्थों में से कौन-सा पदार्थ कोशिकाओं की रसधानियों में जमा नहीं होता है?

Ans
✔ 1. शर्करा
✘ 2. खनिज लवण
✘ 3. प्रोटीन
✘ 4. ऐमीनो अम्ल

---

Q.54 निम्नलिखित में से किसका pH मान सबसे कम होता है?

Ans
✔ 1. जठर-रस (Gastric juice)
✗ 2. मिल्क ऑफ मैग्नीशिया (Milk of magnesia)
✗ 3. रूधिर (Blood)
✗ 4. नींबू पानी (Lemon juice)

---

Q.55 नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको मानना है कि दिए गए कथन सत्य हैं चाहे वे समान्यतः ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों और निश्चय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथन/कथनों के अनुसार है/हैं।

कथन:

कुछ सब्जियां, फल हैं।

कुछ फल, मिठाइयां हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ फल, सब्जियां हैं।

(II) कुछ मिठाइयां, सब्जियां हैं।

Ans
✔ 1. केवल निष्कर्ष (I) कथनों के अनुसार है।
✗ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) कथनों के अनुसार है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) कथनों के अनुसार है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों कथनों के अनुसार है।

---

Q.56 2024 में, निम्नलिखित में से किस भारतीय बैंक ने ग्रीन रुपी टर्म डिपॉजिट (Green Rupee Term Deposit) का आरंभ किया?

Ans
✗ 1. आईसीआईसीआई बैंक
✗ 2. एचडीएफसी बैंक
✗ 3. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
✔ 4. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

---

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सा मिशन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर भारत की पहली मानव उपस्थिति का नेतृत्व करेगा?

Ans
✗ 1. Spacoon-4
✗ 2. Taxsci-4
✗ 3. VenSpac-4
✔ 4. Axiom-4

---

Q.58 यदि शब्द MAJESTIC के प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, और प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में कितने स्वर मौजूद होंगे?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. दो
✓ 3. एक
✗ 4. एक भी नहीं

Q.59 निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन अभिक्रिया का एक उदाहरण नहीं है?

Ans
✓ 1. सिल्वर क्लोराइड सूर्य के प्रकाश में धूसर हो जाता है
✗ 2. $H_2(g)$ और $O_2(g)$ से जल का निर्माण
✗ 3. कैल्शियम ऑक्साइड जल के साथ तीव्रता से अभिक्रिया करके बुझा हुआ चूना बनाता है
✗ 4. प्राकृतिक गैस का जलना

Q.60 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y के स्थान पर कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए ताकि :: के बाईं ओर दो संख्याओं द्वारा जिस पैटर्न का अनुसरण किया जाता है, उसी पैटर्न का अनुसरण :: के दाईं ओर किया जाता हो?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदा. 13 – संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

X : 676 :: 17 : Y

Ans
✗ 1. X = 23, Y = 400
✓ 2. X = 25, Y = 324
✗ 3. X = 21, Y = 396
✗ 4. X = 28, Y = 361

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MEND' को '3186' लिखा जाता है, और 'MINE' को '1623' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'I' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans
✗ 1. 3
✓ 2. 2
✗ 3. 6
✗ 4. 1

Q.62 एक निश्चित कूट भाषा में, 'cafe hotel room' को 'aa bb ee' लिखा जाता है, 'room kitchen hall' को 'ff aa bb' लिखा जाता है, और 'hall hotel garden' को 'ee ff tt' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'garden' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans
✗ 1. bb
✓ 2. tt
✗ 3. ff
✗ 4. ee

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आना चाहिए?

YRM, PID, GZU, XQL,?

Ans ✓ 1. OHC

✗ 2. OHB

✗ 3. OGC

✗ 4. PHC

Q.64 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ₹1,500 की धनराशि को ₹2,040 होने में कितना समय लगेगा?

Ans ✗ 1. 2 वर्ष

✗ 2. 3 वर्ष

✗ 3. $4\frac{3}{4}$ वर्ष

✓ 4. $4\frac{1}{2}$ वर्ष

Q.65 दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

तालिका में वर्ष 2019 और 2020 में बेची गई अलग-अलग वस्तुओं X और Y की संख्या को दर्शाया गया है।

| वर्ष | वस्तु X की संख्या | वस्तु Y की संख्या |
|---|---|---|
| 2019 | 125 | 150 |
| 2020 | 110 | 130 |

वर्ष 2019 और 2020 में बेची गई वस्तु X की संख्या के बीच निरपेक्ष अंतर कितना है?

Ans ✓ 1. 15

✗ 2. 25

✗ 3. 45

✗ 4. 35

Q.66 ऑक्सीजन अणु एक __________ है।

Ans ✗ 1. त्रि-परमाणुक अणु

✗ 2. एक-परमाणुक अणु

✗ 3. चतुष्क-परमाणुक अणु

✓ 4. द्वि-परमाणुक अणु

Q.67 व्यंजक $\sqrt{\frac{1+\cos\theta}{1-\cos\theta}}$ का सरलीकृत मान कितना है?

Ans ✗ 1. $\sec\theta - \cot\theta$

✓ 2. $\operatorname{cosec}\theta + \cot\theta$

✗ 3. $\sec\theta + \cot\theta$

✗ 4. $\operatorname{cosec}\theta - \cot\theta$

Q.68 लंबाई 'L' और अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल (cross-section area) 'A' के एक चालक का प्रतिरोध ________ के अनुक्रमानुपाती होता है।

Ans ✗ 1. A

✗ 2. A/L

✓ 3. L/A

✗ 4. $L^2$

Q.69 63वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप ___________ शहर में आयोजित की गई।

Ans ✗ 1. हैदराबाद

✗ 2. भोपाल

✓ 3. बेंगलुरु

✗ 4. मुंबई

Q.70 जॉनी, बिंदु A से चलना आरंभ करता है और उत्तर की ओर 6 km चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है, 17 km चलता है, दाईं ओर मुड़ता है और 13 km चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 8 km चलता है। अंतिम बार वह दाईं ओर मुड़ता है, 7 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी तक (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किए जाएं, सभी मोड़ 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans ✗ 1. 10km पश्चिम की ओर

✗ 2. 9km पूर्व की ओर

✓ 3. 9km पश्चिम की ओर

✗ 4. 10km पूर्व की ओर

Q.71 पुस्तक 'कोचिंग बियॉन्ड: माई डेज विद द इंडियन क्रिकेट टीम (Coaching Beyond: My Days with the Indian Cricket Team)' आर. श्रीधर द्वारा लिखी गई है और इसकी प्रस्तावना _________ द्वारा लिखी गई है।

Ans
1. सौरव गांगुली
2. सचिन तेंदुलकर
3. वी. वी. एस. लक्ष्मण
4. राहुल द्रविड़

Q.72 किसी दिए गए गोलीय दर्पण के वक्रता केंद्र और ध्रुव को जोड़ने वाली रेखा को ____ कहा जाता है।

Ans
1. फोकस दूरी
2. वक्रता त्रिज्या
3. मुख्य फोकस
4. मुख्य अक्ष

Q.73 60 का 50%, 40 के 30% से कितना अधिक है?

Ans
1. 15
2. 13
3. 20
4. 18

Q.74 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. FI-ZC
2. TX-RV
3. AD-UX
4. SV-MP

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. LP-NR
2. QV-TY
3. FK-IN
4. DI-GL